

# मेरा डायग्नोसिस बहुत जल्दी हो गया।

## My Care Record (माई केयर रिकॉर्ड) में मौजूद जानकारी की बदौलत

आपके GP, अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल टीमें अलग से आपकी देखभाल से संबंधित सारे रिकॉर्ड रख सकते हैं।

अक्सर, उसी संगठन के भीतर सिर्फ स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर यह जानकारी देख सकते हैं। इसका मतलब है कि सबसे अच्छी देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए एक साथ मिलकर काम करना उनके लिए मुश्किल हो सकता है।

जानकारी को अधिक संयुक्त तरीके से उपलब्ध कराने पर, स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर, आपके और आपके परिवार के लिए ज्यादा तेजी से ज्यादा असरदार देखभाल सेवा प्रदान कर सकते हैं।

***My Care Record* स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवरों को आपकी देखभाल सेवा को बेहतर बनाने के लिए आपसे जुड़ी जानकारी को एक्सेस करने में सक्षम बनाता है।**

यह देता है:

- बेहतर समन्वित देखभाल
- जल्दी डायग्नोसिस और इलाज
- देखभाल पर बिताने के लिए ज्यादा समय
- कम कागजी कार्रवाई और कम दोहराव
- कम अनावश्यक क्लिनिकल टेस्ट
- अधिक सटीक प्रेस्क्रिप्शन
- बेहतर स्वास्थ्य और देखभाल योजना

हमारे क्षेत्र के स्वास्थ्य और देखभाल संगठन **My Care Record** नामक दृष्टिकोण को लागू करने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**My Care Record** स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवरों को, अलग-अलग संगठनों के लिए या अलग-अलग स्थानों में काम करने के बावजूद, आपकी देखभाल करने के लिए आवश्यक जानकारी को एक्सेस करने में सक्षम बनाता है। इसमें GP, अस्पताल क्लिनिसियन, नर्स, हेल्थ विजिटर्स और सोशल वर्कर्स शामिल रह सकते हैं। इसे इंग्लैण्ड के पूर्व पूर्वी क्षेत्र में शुरू किया जा रहा है।

## My Care Record कैसे काम करता है?

**My Care Record** संयुक्त स्वास्थ्य और देखभाल जानकारी के माध्यम से देखभाल सेवा को बेहतर बनाने से जुड़ा दृष्टिकोण है।

पूरे क्षेत्र में कई अलग-अलग सुरक्षित कंप्यूटर सिस्टम्स का इस्तेमाल किया जाता है। इनसे स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवरों को अन्य सेवा संस्थानों के पास मौजूद आपके रिकॉर्ड्स को डिजिटल तरीके से एक्सेस करने की अनुमति देता है। कुछ क्षेत्रों में ये सिस्टम्स पहले से मौजूद हैं, अन्य क्षेत्रों में इस दिशा में काम चल रहा है।

**My Care Record** इससे जुड़े सभी संगठनों के बीच एक समझौता भी प्रदान करता है। इसका मतलब है कि वे आपकी देखभाल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए जानकारी को सुरक्षित तरीके से शेयर करने का वादा करते हैं।

## मेरी जानकारी कौन देख सकता है?

जहाँ भी संभव होगा, स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर, आपकी देखभाल के लिए जरूरत पड़ने पर अन्य सेवा संस्थानों से आपके रिकॉड्र्स को एक्सेस करने में सक्षम होंगे।

**My Care Record** का इस्तेमाल सिर्फ आपकी देखभाल से जुड़े पेशेवरों द्वारा ही किया जाएगा। इससे आपके लाभों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आपकी देखभाल से सीधे तौर पर न जुड़ी तीसरी पार्टियाँ, कंपनियां या व्यक्ति, आपका रिकॉर्ड नहीं देख पाएंगे।



**My Care Record** दृष्टिकोण, जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (**GDPR**) के अनुरूप है। आपकी सारी जानकारी, सुरक्षित तरीके से प्रोसेस की जाएगी।

कुछ जानकारी का इस्तेमाल, भावी सेवाओं और योजनाओं को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए भी किया जाएगा। उदाहरण के लिए, इससे हमें भविष्य में आपकी देखभाल करने के लिए आवश्यक डॉक्टरों, नर्सों और देखभाल कर्मचारियों की संख्या की योजना बनाने में मदद मिलेगी। इस जानकारी की मदद से काम करने वाले लोग आपकी पहचान से जुड़े विवरण, जैसे आपका नाम, नहीं देख पाएंगे।

## क्या मैं आपत्ति कर सकता/सकती हूँ?

आप सेवा संस्थानों के बीच आपके रिकॉर्ड को शेयर किए जाने पर आपत्ति कर सकते/सकती हैं। यदि आप आपत्ति करना चाहते/चाहती हैं तो आपको आपकी देखभाल करने वाले स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर से बात करनी चाहिए। उदाहरण के लिए, आपका **GP**।

जानकारी शेयर करना, आपकी देखभाल के लिए अक्सर बहुत जरूरी होता है। जानकारी शेयर न करने पर, आपकी मदद करने का सबसे अच्छा तरीका ढूँढने में काफी समय लग सकता है। आपको देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए कई सेवा संस्थानों को जानकारी शेयर करनी पड़ती है।

यदि आपके मन में कोई सवाल है तो कृपया अपने GP या आपकी मदद करने वाले अन्य स्वास्थ्य और देखभाल पेशेवर से बात करें।